
# 12. मैं भी...

एक अंडे में से बत्तख का बच्चा निकला।
लो, मैं अंडे में से निकल आया
बत्तख का बच्चा बोला।



एक और अंडे में से मुर्गी का चूज़ा
निकला। मैं भी आ गया –
चूज़ा बोला।





मैं घूमने जा रहा हूँ –
बत्तख का बच्चा बोला।
मैं भी चलूँगा – चूज़ा बोला।

मैं गड्ढा खोद रहा हूँ –
बत्तख का बच्चा बोला।
मैं भी खोदूँगा –
चूज़ा बोला।





WWW.TUITIONSCBSE.COM



मुझे एक केंचुआ मिला – बत्तख का बच्चा बोला।
मुझे भी – चूज़ा बोला।

मैंने एक तितली पकड़ी –
बत्तख का बच्चा बोला।

मैंने भी तितली पकड़ी –
चूज़ा बोला।





मैं तैरना चाहता हूँ – बत्तख का
बच्चा बोला।
मैं भी – चूज़ा बोला।

देखो मैं तैर रहा हूँ –
बत्तख का बच्चा बोला।





WWW.TUITIONSCBSE.COM

मैं भी तैरूँगा –
चूज़ा बोला।






बचाओ... चूज़ा डूबते हुए चिल्लाया।

बत्तख के बच्चे ने चूज़े को पानी से बाहर निकाला।










WWW.TUITIONSCBSE.COM




## नाम दो


चूज़ा बार-बार बत्तख के बच्चे की नकल करता रहता था। उसे चिढ़ानेवाला एक नाम दो।

.............................. चूज़ा।

### क्या डूबेगा-क्या तैरेगा?



## करके देखो और निशान लगाओ

| चीज़ें | डूबेगा | तैरेगा |
|---|---|---|
|  चॉक | √ | |
| पत्थर  | | |
|  रूई | | |
| कागज़  | | |
|  टहनी | | |
| पेंसिल  | | |
|  छीलनी | | |



WWW.TUITIONSCBSE.COM